# सभा पटल पर रखे जाने वाले कागजात
# PAPERS TO BE LAID ON THE TABLE OF THE HOUSE

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
# National Council for Teacher Education




## लेखा-परीक्षित वार्षिक लेखा
## Audited Annual Accounts
## 2021 - 2022

हिन्दी संस्करण

# वार्षिक लेखा
# 2021-2022

गुरूर्गुरूतमो धाम
NCTE

## राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)

प्लाट संख्या जी-7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा (केन्द्रीय व्यय)
Office of the Director General of Audit, (Central Expenditure)
इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली–110 002
Indraprastha Estate, New Delhi -110 002

सत्यमेव जयते

ए.एम.जी-III/एस.ए.आर/एन.सी.टी.ई./9-37/2022-23/ दिनाँक: .10.22

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार,
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग,
शिक्षा मंत्रालय,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110 001

**विषय: वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के लेखाओं पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन**

महोदया/महोदय,

मैं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली के वर्ष 2021-22 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति सहित संसद के पटल पर रखने के लिए संलग्न करती हूँ |

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेज की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब वे संसद को प्रस्तुत किये गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए |

कृपया यह सुनिश्चित किया जाये कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक लेखाओं को शासी निकाय (Governing Body) द्वारा अनुमोदित अवश्य करा लिया जाये तथा यह भी सुनिश्चित करें कि 2021-22 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र को संसद के पटल पर रखने से पहले सभी पूर्व वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र संसद के पटल पर प्रस्तुत किये जा चुके हों |

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिंदी अनुवाद एवं इसे जारी करने से सम्बन्धित सभी कार्यों को आपके निकाय द्वारा किया जाना ही अपेक्षित है | पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिंदी अनुवाद जारी करते समय निम्नलिखित अस्वीकरण (disclaimer) अंकित करें |

"प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिंदी अनुवाद है| यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा|"

भवदीया,

संलग्नक: यथोपरि

–हस्ता.–
**निदेशक (ए.एम.जी-III)**

Ph. : 91-11-23454100
Fax : 91-11-23702271
A.G.C.R. Building, I.P. Estate, New Delhi - 110002
E-mail : dgacr@cag.gov.in

ए.एम.जी-III/एस.ए.आर/एन.सी.टी.ई./9-37/2022-23/ 1032 दिनाँक: 12 .10.22

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे कि प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति सहित सदस्य सचिव, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, जी-7, सैक्टर -10 द्वारका, नई दिल्ली-110075 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है | वार्षिक लेखाओं की हिंदी प्रति की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को भेजी जाए |

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेज की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब ये संसद को प्रस्तुत किये गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए |

संलग्नक:यथोपरि

सौम्या
**निदेशक (ए.एम.जी-III)**

ए.एम.जी-III/एस.ए.आर/एन.सी.टी.ई./9-37/2022-23/ दिनाँक: .10.22

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति सहित महानिदेशक (स्वायत निकाय), भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110124 को अग्रेषित की जाती है |

यह महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय व्यय) के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है |

संलग्नक:यथोपरि

–हस्ता.–
**निदेशक (ए.एम.जी-III)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

## राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली, के 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष से संबंधित लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

हमने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 के खंड 26(3) के साथ पठित नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियों और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 के खंड 19(2) के अधीन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (रा.अ.शि.प.) के 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के संलग्न तुलन पत्र तथा उसी तारीख को समाप्त वर्ष से संबंधित आय और व्यय लेखा व प्राप्तियां और भुगतान लेखा की लेखा–परीक्षा की है। इन वित्तीय विवरणों में 4 क्षेत्रीय समितियों के वित्तीय विवरण शामिल हैं। ये वित्तीय विवरण रा.अ.शि.प. के प्रबंधन की जिम्मेदारी हैं। हमारी जिम्मेदारी तो अपने लेखा परीक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर एक विचार व्यक्त करना है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वोतम लेखांकन कार्य लेखांकन मानकों और प्रकटन मानदण्डों आदि के प्रति अनुरूपता को लेकर लेखांकन व्यवहार के संबंध में नियंत्रक तथा भारतीय महालेखा परीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां शामिल हैं। विधि, नियमों और विनियमों (उपयुक्तता तथा नियमितता) तथा दक्षता एवं निष्पादन पहलुओं आदि, यदि कोई हों तो इनके अनुपालन के संबंध में वित्तीय कार्यों से सम्बन्धित लेखा परीक्षण करना है, जिसकी निरीक्षण रिपोर्टों/सीएजी की रिपोर्टों के माध्यम से अलग से रिपोर्ट की जाती है।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में यह अपेक्षा की जाती है कि हम लेखापरीक्षा की योजना और निष्पादन इस संबंध में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए करें कि वित्तीय विवरण सारवान अयथार्थ विवरणों से मुक्त हैं। लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में लेखाओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य तथा राशियों और प्रकटीकरण के परीक्षण आधार पर जांच करना शामिल रहता है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखांकन सिद्धान्त तथा प्रबंधन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण आकलन और साथ ही वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल रहता है। हमारा यह मानना है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय के लिए समुचित आधार प्रस्तुत करती है।

4. हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के आधार पर हम यह रिपोर्ट करते हैं कि

   i. हमने इस रिपोर्ट में हमारी टिप्पणियों के अधीन ऐसी सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो कि हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए हमारे सर्वोतम ज्ञान और विश्वास की दृष्टि से जरूरी थे।

   ii. इस रिपोर्ट में जिस तुलन–पत्र, आय और व्यय लेखा तथा प्राप्ति और भुगतान का व्यवहार किया गया है, वे रिपोर्ट की टिप्पणियों के अध्यधीन भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में तैयार किए गए हैं।

   iii. हमारी राय में, जैसा कि बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है, रिपोर्ट में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा लेखाओं की समुचित बहियां तथा अन्य संगत रिकार्ड रखे गए हैं।

   iv. हम आगे यह भी सूचित करते हैं कि

## ए. तुलन पत्र

### ए.1 परिसम्पत्तियां

### ए.1.1 ऋण, अग्रिम तथा जमा धनराशियां (अनुसूची-6) 6.48 करोड़ रुपये

(i) उपर्युक्त राशि में 8.81 लाख रुपये की राशि शामिल हैं, जो "इम्प्रेस्ट" शीर्षक के अन्तर्गत है, जिसका प्रारंभिक अधिशेष 8.77 लाख रुपये है, जिसका विवरण लेखा परीक्षा को नहीं दिया गया, जिसके कारण 8.77 लाख रु. के प्रारंभिक अधिशेष का सत्यापन नहीं हो सका।

(ii) उपरोक्त धनराशि में "अन्य कर्मचारियों को अग्रिम" शीर्ष के अन्तर्गत 1.21 करोड़ रुपये की अग्रिम धनराशि शामिल है जिसका विवरण लेखापरीक्षा को नहीं दिया गया। इसलिए 1.21 करोड़ रुपये की धनराशि को लेखा–परीक्षण में सत्यापित नहीं किया जा सका है। रा.अ.शि.प. का उत्तर था कि रिकार्ड नहीं मिल रहे हैं। इस सम्बन्ध में प्रबंधन को निर्णय लेने की जरूरत है। इस मामले में वर्ष 2020–21 की रिपोर्ट में भी बताया गया था, किन्तु रा.अ.शि.प. द्वारा इसके निवारण के लिए कार्रवाई नहीं की गयी।

(iii) उपरोक्त धनराशि में "अन्य संगठनों/पार्टियों जैसे सुरक्षा जमा धनराशि के साथ जमा धनराशि" शीर्ष के अन्तर्गत 47.24 लाख रुपये की धनराशि शामिल है, जिसमें बीएसई एस के पास जमा 6 लाख रु. तथा क्षेत्रीय समितियों को निर्माण कार्य तथा अन्य प्रयोजनों के लिए दी गई 41.24 लाख रुपये की धनराशि भी है, जो वर्ष 2011–12 से लम्बित है। 41.24 लाख रुपये में से 39.67 लाख रुपये सीपीडब्लूडी, बंगलुरू से वापस मिल गये हैं किन्तु लेखाओं में अग्रिम के रूप में गलत दर्शाया गया है, जिससे कि ऋण, अग्रिम तथा जमा धनराशियों में 39.67 लाख रुपये तक की अत्युक्ति हो रही है।

1.57 लाख रुपये की शेष धनराशि का समाधान रा.अ.शि.प. द्वारा किया जाना है। इसलिए लेखा परीक्षण में लेखा में दर्शाए गये 1.57 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि का सत्यापन नहीं किया जा सका।

## बी. महत्वपूर्ण लेखांकन नीति तथा लेखा सम्बन्धी टिप्पणियां

वर्ष 2021–22 के दौरान शिक्षा मंत्रालय से समग्र शिक्षा के अन्तर्गत एनईपी परियोजना के लिए 2.23 करोड़ रुपये का अनुदान मिला था तथा इस अनुदान धनराशि से 21.78 लाख रुपये की अचल परिसम्पत्तियां खरीदी गयीं। अनुदान सम्बन्धी स्वीकृति आदेश के अनुसार इस निधि से खरीदी गयी परिसम्पत्तियां भारत सरकार की सम्पत्ति होगी और इसको तदनुसार चिह्नित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित लेखा प्रपत्र में बताया गया है कि प्रायोजित परियोजना निधि से प्राप्त परिसम्पत्तियों का स्वामित्व प्रायोजक एजेंसी का होता है, जिनका उल्लेख लेखा टिप्पणियों में किया जाना होता है। रा.अ.शि.प. द्वारा इसका उल्लेख नहीं किया गया है। इस दृष्टि से लेखा सम्बन्धी टिप्पणियां अधूरी हैं।

## सी. अनुदान सहायता

वर्ष 2021–22 के दौरान रा.अ.शि.प. ने विशिष्ट प्रयोजन से 2.23 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्राप्त की थी, जिनमें से उसने 1.62 करोड़ रुपये का उपयोग किया है और 31 मार्च 2022 को केवल 0.61 करोड़ रुपये की शेष राशि बची थी।

**डी. प्रबंधन पत्र**

जिन कमियों को लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया, उनके बारे में सदस्य सचिव, रा.अ.शि.प. को अवगत कराया गया है तथा इन्हें दूर करने/संशोधन करने की कार्रवाई हेतु एक प्रबंधन पत्र अलग से जारी किया गया।

v. कार्यवृत्त अनुच्छेदों में हमारे अवलोकन के आधार पर हम सूचित करते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा वर्णित तुलन पत्र, आय तथा व्यय लेखा तथा प्राप्तियां व भुगतान सम्बन्धी लेखा विवरण लेखा पुस्तिकाओं के अनुरूप हैं।

vi. हमारी राय में तथा हमें प्राप्त हुई पूरी जानकारी तथा हमारे सम्मुख दिए गये स्पष्टीकरण के अनुसार तथा उपरोक्त महत्वपूर्ण मामलों व अन्य मामलों में, लेखांकन नीतियों और लेखा टिप्पणियों के साथ पठित उक्त वित्तीय विवरण जिनका उल्लेख इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुबंध में किया गया है, ये सब भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक यथार्थ और सही स्थिति के परिचायक हैं।

ए. जहां तक 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के तुलन पत्र और स्थितियों के साथ इसका संबंध है, तथा

बी. जहां तक यह उस तारीख को समाप्त वर्ष के घाटे के आय और व्यय खाते से संबंधित है।

**भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक के लिए तथा उनकी ओर से**

**महालेखापरीक्षक**

**(गृह, शिक्षा और कौशल विकास)**

**स्थानः नई दिल्ली**

**दिनांकः 10.02.2021**

# लेखा परीक्षा से सम्बन्धित अनुलग्नक

1. **आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की उपयुक्तता**

रा.अ.शि.प. में न तो कोई आन्तरिक लेखा परीक्षा स्कन्ध है और न किसी अन्य एजेंसी द्वारा कोई आन्तरिक लेखा परीक्षा की गई है।

2. **आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्तता**

रा.अ.शि.प. में आन्तरिक नियंत्रण तंत्र निम्न कारणों के चलते अपर्याप्त था :

- आन्तरिक लेखा परीक्षा विभाग की कमी।
- मार्च, 2022 को सात अनुशासनात्मक मामले अनिर्णीत पड़े हैं।
- प्रबंधक वर्ग द्वारा कोई जोखिम प्रबन्ध व्यवस्था नहीं की गई।
- रा.अ.शि.प. तथा इसके उत्तरी क्षेत्रीय केन्द्र में बहुत सी अग्रिम धनराशियों का समायोजन नहीं हुआ।

3. **अचल परिसम्पत्तियों के वास्तविक सत्यापन की प्रणाली**

जुलाई 2021 तक अचल परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया।

4. **सामान्य सूची के वास्तविक सत्यापन की प्रणाली**

मार्च, 2022 तक स्टेशनरी तथा उपयोगी सामान का वास्तविक सत्यापन किया गया।

वर्ष मार्च, 2022 से संबंधित पुस्तकों तथा प्रकाशनों का भौतिक सत्यापन किया गया।

5. **सांविधिक देयताओं के भुगतान में नियमितता**

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार 6 महीने से पुरानी कोई सांविधिक देयता नहीं थी।

ए.एम.जी.-III/एस.ए.आर./एन.सी.टी.ई./9-37/2022-23/ 1039


सत्यमेव जयते

**सौम्या परिहार**

**निदेशक (ए.एम.जी.-III)**

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा
(केन्द्रीय व्यय), नई दिल्ली
Office of the Director General of Audit
(Central Expenditure), New Delhi


दिनांक :12 .10.2022

**प्रबंधन पत्र**

प्रिय महोदय,

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, के वर्ष 2021-22 के लेखों की लेखापरीक्षा कर ली गयी है और मेरे कार्यालय के पत्र संख्या ए.एम.जी.-III/एस.ए.आर./एन.सी.टी.ई./9-37/2022-23/1037 दिनांक 12 .10.22 के द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदन जारी कर दिया गया है| लेखापरीक्षा के दौरान कुछ अनियमितताएँ एवं कमियां ध्यान में आई है जिन्हें लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल नहीं किया गया है | इन कमियों को संलग्न अनुबन्ध में दर्शाया गया है |

अतः इस पर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मेरा अनुरोध है कि इन अनियमिताओं एवं कमियों पर उचित सुधारात्मक कार्यवाही की जाये |

सविनय,

भवदीया,

सौम्या

**श्रीमती केसांग यांगज़ोम शेरपा,**
**सदस्य सचिव,**
**राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,**
**जी-7, सैक्टर- 10, द्वारका,**
**नई दिल्ली - 110075**

## प्रबंधन पत्र से सम्बन्धित अनुबंध

1. प्रतिभूति जमा–अन्य 7.99 लाख रुपये में 9,814 रुपये शामिल हैं, जिनका विवरण लेखा परीक्षा को नहीं दिया गया। विवरण के न होने से 9,814 रुपये की धनराशि का सत्यापन लेखा परीक्षा में नहीं हो पाया।

2. ''मजदूरी'' में 6.10 करोड़ रुपये तथा ''परामर्श शुल्क'' में 42.37 लाख रुपये की धनराशि को स्थापना खर्च (अनुसूचि 10) में दर्शाया गया है, जबकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित लेखा प्रपत्र के अनुसार इन्हें प्रशासनिक खर्च (अनुसूचि 11) के अन्तर्गत दर्शाया जाना होता है। इसके फलस्वरूप 6.52 करोड़ रुपये की स्थापना खर्चों की अत्युक्ति तथा प्रशासनिक खर्चों की न्यूनोक्ति हुई है।

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

## 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार आर्थिक चिट्ठा

राशि ( रुपए )

| **कॉर्पस/पूंजीगत निधि तथा देनदारियां** | **अनुसूचि** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|---|
| कॉर्पस / पूंजीगत निधि | 1 | 1,676,388,796 | 1,753,592,969 |
| आबंटित / स्थायी निधियां | | - | - |
| चालू देयताएं और ऋण प्रावधान | 2 | 551,004,536 | 508,611,889 |
| योग | | 2,227,393,332 | 2,262,204,858 |
| **परिसंपत्तियां** | | | |
| **स्थिर परिसंपत्तियां** | 3 | | |
| वास्तविक परिसंपत्तियां | | 363,107,370 | 419,108,114 |
| अवास्तविक परिसंपत्तियां | | - | - |
| पूंजीगत कार्य प्रगति पर | | - | - |
| निवेश–आबंटित / स्थायी निधियों से | | - | - |
| निवेश–अन्य | 4 | - | - |
| चालू परिसंपत्तियां | 5 | 1,799,475,052 | 1,772,782,663 |
| ऋण, अग्रिम तथा जमा | 6 | 64,810,910 | 70,314,081 |
| योग | | 2,227,393,332 | 2,262,204,858 |
| **महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां** | 13 | **-** | **-** |
| आकस्मिक देयताएं और लेखाओं पर टिप्पणियां | 14 | - | - |
| आकस्मिक देयताएं और लेखाओं पर टिप्पणियां | 11 | - | - |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि/वर्ष का आय और व्यय लेखा**

धनराशि ( रुपए )

| आय | अनुसूचि | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|---|
| उपार्जित ब्याज | 7 | 70,798,414 | 160,660,183 |
| अन्य आय | 8 | 96,360,277 | 48,587,730 |
| **पहले की अवधि की आय** | 9 | **0** | **4,041,958** |
| **योग (क)** | | 167,158,691 | 213,289,871 |
| व्यय | | | |
| स्थापना व्यय | 10 | 170,863,751 | 179,254,913 |
| अन्य प्रशासनिक व्यय आदि | 11 | 54,339,210 | 894,998,268 |
| मूल्यह्रास | 3 | 19,159,903 | 19,256,194 |
| **पूर्व अवधि का व्यय** | 12 | **0** | **539,484** |
| योग (ख) | | 244,362,864 | 1,094,048,859 |
| व्यय की तुलना में आय की अधिकता के रूप में शेष (ए–बी) | | -77,204,173 | -880,758,988 |
| विषेश रिजर्व में अंतरण (प्रत्येक को स्पष्ट करें) | | | |
| **सामान्य रिजर्व में/से अंतरण** | | | |
| **अधिशेष/(घाटे) के रूप में कॉर्पस/पूंजीगत निधि को अग्रेनीत शेष** | | **-77,204,173** | **-880,758,988** |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

## 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष का प्राप्ति और भुगतान लेखा

धनराशि ( रुपए )

| प्राप्तियां | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष | भुगतान | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| **1. अथशेष** | | | **1. व्यय** | | |
| क) रोकड़ हाथ में | 16,525 | 138,876 | क) स्थापना व्यय | 152,082,786 | 164,031,357 |
| ख) बैंक शेष | | | ख) प्रशासनिक व्यय | 55,676,853 | 46,671,151 |
| i) चालू खातों में | - | - | | | |
| ii) जमा खातों में | 1,473,320,162 | 1,450,145,912 | | | |
| iii) बचत खातों में | 299,445,976 | 1,223,950,896 | | | |
| **2. प्राप्त अनुदान** | | | 2. **विभिन्न परियोजनाओं के वास्ते निधियों के लिए किया गया भुगतान** (प्रत्येक परियोजना के लिए किए गए भुगतान से संबंधित विवरणों के साथ–साथ निधि अथवा परियोजना का नाम दर्शाया जाना चाहिए) | | |
| क) भारत सरकार से (एनईपी) | 22,300,000 | | समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एनईपी निधि व्यय | 10,175,610 | |
| ख) राज्य सरकार से | | | | | |
| **3. निम्न पर निवेश से आय** | | | **3. किए गए निवेश और जमा** | | |
| क) आबंटित/स्थायी निधियां | | | क) आबंटित/स्थायी निधियों में से | | |
| ख) अपनी निधियां (अन्य निवेष) | | | ख) स्वयं अपनी निधियों में से (निवेष–अन्य) | | |
| **4. प्राप्त ब्याज** | | | **4. स्थिर परिसंपत्तियों और पूंजीगत-चालू-काम पर व्यय** | | |
| एफडीआर/बचत बैंक खातों पर | 57,302,618 | 137,602,887 | क) स्थिर परिसंपत्तियों की खरीद | 6,772,892 | 12,261,748 |
| एस बी आई बौंड पर ब्याज | 4,769,784 | | ख) भूमि की खरीद(ईआरसी) | | |
| एफडीआर लेखा में अंतरित ब्याज पाप्ति | 17,060,585 | | ग) कैपिटल डब्ल्यूआईपी बिल्डिंग | | |
| **5. अन्य प्राप्तियां** | | | **5. अधिशेष राशि/ऋणों की वापसी** | | |
| संस्थानों की मान्यता के लिए शुल्क | 77,423,150 | - | क) भारत सरकार को | - | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ख) राज्य सरकार को | - | - |
| | | | ग) निधियों के अन्य प्रदाताओं को (एफडीआर पर ऋण की वापसी) | - | - |
| **6. परिपक्व हुई सावधि जमा** | - | - | **6. सावधि जमा निवेश** | - | - |
| **7. कोई अन्य प्राप्तियां (विवरण दीजिए)** | | | **7. अन्य भुगतान (स्पष्ट करें)** | | |
| विविध अग्रिम | 360,000 | 163,240 | विविध अग्रिम | 762,370 | 200,105 |
| यात्रा भत्ता अग्रिम | 262,680 | 240,298 | प्रकाशनों की बिक्री | 2,900 | - |
| छुट्टी यात्रा रियायत अग्रिम | 249,777 | 204,963 | स्कूटर अग्रिम/मोटर कार अग्रिम | | 27,141 |
| चिकित्सीय अग्रिम | 16,200 | 290,700 | परियोजनाओं/कार्यक्रमों के लिए अग्रिम | - | - |
| भवन निर्माण अग्रिम | 101,136 | 98,852 | स्थायी अग्रदाय | - | - |
| कंप्यूटर अग्रिम | 27,684 | 190,300 | यात्रा भत्ता अग्रिम | 153,680 | 204,000 |
| मोटर कार अग्रिम | 13,464 | 132,851 | छुट्टी यात्रा रियायत अग्रिम | 9,500 | 445,740 |
| अग्रदाय | 537,595 | 129,258 | पंखा/भोजन/साइकिल अग्रिम | - | - |
| अन्य | - | 5,940 | भवन निर्माण अग्रिम | - | - |
| ओटी/आरएमएस शुल्क | - | 2,560,403 | कंप्यूटर अग्रिम | - | - |
| प्रकाशनों की बिक्री | 1,210,257 | 107,503 | अग्रदाय | 551,009 | 144,258 |
| प्राप्त परीक्षा शुल्क | - | 5,014,100 | चिकित्सीय अग्रिम | - | 290,700 |
| अपील शुल्क | 8,244,811 | 8,725,000 | बयाना जमा | - | - |
| विविध प्राप्तियां | 50,100 | 68,498 | अग्रिम वेतन | - | - |
| वापस किया जाने वाला प्रक्रिया शुल्क | 5,400,000 | 37,015,700 | टी.ए./टी.टी.ए | - | - |
| टी डी एस वापसी | 594,600 | 3,419,100 | विविध प्राप्तियां | - | - |
| आरटीआई शुल्क | 26,504 | 10,217 | संसाधन शुल्क तथा पीएआर शुल्क प्रत्यर्पणीय | 1,146,208 | 849,520,000 |
| रद्दी माल की बिक्री | 660,614 | 37,463 | अन्य अग्रिम | - | 614,421 |
| अवकाश वेतन और पेंशन अंशदान (एलएस और पीसी) | 1,777,163 | - | वापस किया गया परिक्षा शुल्क | | 5,007,094 |
| प.क्षे.स. न्यायालय शुल्क | 279,000 | - | आरटीआई शुल्क | 11,040 | - |
| | | | प.क्षे.स. न्यायालय शुल्क | 10,000 | - |
| **8.संप्रेषण और वसूलियां** | | | **8.संप्रेषण और वसूलियां** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आयकर / जीपीएफ / सीपीएफ (प्रतिनियुक्तियां / अन्य) | 14,000 | | आयकर / जीपीएफ / सीपीएफ (प्रतिनियुक्तियां / अन्य) | 14,000 | |
| सीपीएफ (रा.अ.शि.प.) | 8,816,409 | 10,300,106 | सीपीएफ (रा.अ.शि.प.) | 8,816,409 | 28,353,503 |
| जीएसएलआईएस | 329,459 | 97,789 | जीएसएलआईएस | 328,539 | 99,969 |
| आरसी से / को संप्रेषण | - | 10,520,000 | आरसी से / को संप्रेषण | - | 10,520,000 |
| वेतन व भत्ते | 1,207,918 | - | वेतन खाते से | | - |
| वेतन बिल से वसूल किया गया टीडीएस (आयकर) | 6,819,959 | 6,179,340 | वेतन बिल से वसूल किया गया टीडीएस (आयकर) | 6,294,379 | 6,152,440 |
| अन्य से वसूला गया टीडीएस (आयकर) | 3,500,617 | 3,160,153 | अन्य से वसूली योग्य टीडीएस (आयकर) | 3,351,447 | 3,269,561 |
| जीएसटी टीडीएस | 1,584,502 | 1,653,756 | जीएसटी टीडीएस | 1,574,948 | 1,615,892 |
| संप्रेषण और वसूली | 3,485,986 | 3,974,721 | संप्रेषण और वसूली | 3,153,228 | 3,933,953 |
| पीएम केयर फंड | - | 235,724 | पीएम केयर फंड | - | 235,724 |
| | | | देय जीएसटी | 83,866 | - |
| **9. जमा/प्रतिभूति** | | | **9. जमा/प्रतिभूति** | | |
| क) जमा / प्रतिभूति | - | - | क) जमा / प्रतिभूति | - | - |
| ख) जमा / प्रतिभूति / अन्य | 50,000 | - | ख) जमा / प्रतिभूति / अन्य | - | 7,200 |
| **10. स्थिर परिसंपत्तियों की बिक्री** | 53,187,481 | 14,074 | **10. इतिशेष** | | |
| | | | क) रोकड़ हाथ में | 3,388 | 16,525 |
| | | | ख) बैंक षेश | | |
| | | | i) चालू खातों में | - | - |
| | | | ii) जमा खातों में | 1,312,472,605 | 1,473,320,162 |
| | | | iii) बचत खातों में | 486,999,059 | 299,445,976 |
| | **2,050,446,716** | **2,906,388,620** | | **2,050,446,716** | **2,906,388,620** |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 के आर्थिक चिट्ठा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

**धनराशि ( रुपए )**

| **अनुसूची 01. कॉर्पस/पूंजीगत निधि** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|
| वर्ष के आरंभ में शेष | 1,753,592,969 | 2,633,551,600 |
| स्थिर परिस्म्पत्तियों में समायोजित वित्तीय वर्ष 2019–20 में खर्च के रूप में गलत दर्ज हुआ है। | - | 800,357 |
| जोड़ें / (घटाएं): आय तथा व्यय लेखाओं से अंतरित शुद्ध आय का शेष / (व्यय) | -77,204,173 | -880,758,988 |
| वर्ष के अंत में शेष | 1,676,388,796 | 1,753,592,969 |

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 के आर्थिक चिट्ठा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

**धनराशि ( रुपए )**

| **अनुसूची ०२ - चालू देयताएं तथा प्रावधान** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|
| **क. चालू देयताएं** | - | - |
| 1. स्वीकृतियां | | |
| 2. विविध लेनदार | | |
| क) सामान के लिए | | |
| ख) अन्य | | |
| 3. प्राप्त अग्रिम | - | - |
| 4. निम्न पर प्रोद्भूत ब्याज किंतु देय नहीं | | |
| क) आरक्षित ऋण / उधार | | |
| ख) अनारक्षित ऋण / उधार | | |
| 5. अनिवार्य देयताएं | | |
| क) अतिदेय | | |
| ख) अन्य (जीएसटी पर देय टीडीएस) | 130,413 | 120,859 |
| वेतन के अतिरिक्त टीडीएस | 80,285 | 4,045 |
| 6. अन्य चालू देयताएं | | |
| क) बकाया व्यय | - | 1,663 |
| ख) जमानती जमा अन्य | 799,782 | 749,782 |
| ग) सरकार–एनपीईपी को वापिस किए जाने योग्य | - | 786,919 |
| घ) यूनेस्को–एचआईवी / एड्स को प्रत्यर्पणीय | - | 77,752 |
| च) देय खर्च | 1,540,042 | 1,043,648 |
| छ) अनोपयोगित अनदान एनईपी (**अनुसूचि 2 (क) के सन्दर्भ में**) | 6,147,862 | - |

| | | |
|---|---|---|
| ज) आरसी को/से संप्रेषण | - | - |
| झ) देय सीपीएफ–अंशदान | 17,333,131 | 8,731,635 |
| ट) देय वेतन तथा मजदूरी | 11,562,391 | 10,929,934 |
| ठ) संप्रेषण और वसूली | 402,754 | 88,996 |
| ड) जीएलआईएस प्रीमियम | 4,763 | 3,843 |
| ढ़) प्रत्यर्पणीय संसाधन शुल्क | 5,400,000 | - |
| त) विवादपूर्ण प्राप्तियां | 429,408,363 | 429,408,363 |
| थ) अनदेखी प्राप्तियां | 50,100 | - |
| द) देय एनईपी व्यय | 585,339 | - |
| **ख. प्रावधान** | | |
| 1. कराधान के लिए | - | - |
| 2. उपदान | 42,443,528 | 34,379,383 |
| 3. अधिवार्षिकी/पेंषन | - | - |
| 4. संचित अवकाश नकदीकरण | 35,115,783 | 22,285,067 |
| **कुल (क+ख)** | 551,004,536 | 508,611,889 |

नोटः– अनोपयोगित अनुदान 6(एफ) में अगले वर्ष के लिए अग्रिम रूप से पाप्त अनुदान शामिल होगा।

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

## अनुसूचि -2(क) वर्ष 2021-22 की अवधि हेतु प्रायोजित परियोजना

**धनराशि ( रुपए )**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | प्रारंभिक शेष | | वर्ष के दौरान प्राप्तियां/ वसूली | कुल | वर्ष के दौरान व्यय | अधिशेष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जमा | नामे | | | | जमा | नामे |
| 1 | समग्र शिक्षा अभियान | 0 | 0 | 22300000 | 22300000 | 16152138 | 6147862 | 0 |
| | (एनईपी 2020) | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | कुल | 0 | 0 | 22300000 | 22300000 | 16152138 | 6147862 | 0 |

1. परियोजना की सूची एजेंसी–वार, प्रत्येक एजेंसी के उप–योगदान सहित बनायी जाय।
2. कॉलम 8 (जमा) का योगदान उपरोक्त षीर्श के अन्तर्गत तुलन पत्र (अनुसूची 2) के देनदारियों की ओर में दिखाया जाएगा।
3. कॉलम 9 का (नामे) का योगफल तुलन पत्र के परिसम्पत्ति की ओर ऋण अग्रिम तथा जमा राषि में अनुसूची 8 में प्राप्तव्य राषियों में दिखाया जाएगा।

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 के आर्थिक चिट्ठा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

धनराशि ( रुपए )

| अनुसूची ०३ स्थिर परिसंपत्तियों का विवरण | मूल्यह्रास की दर | सकल ब्लाक | | | | मूल्यह्रास (एसएलएम का प्रयोग करते हुए) | | | | निबल ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष के आरंभ में लागत/मूल्यांकन | वर्ष के दौरान वृद्धियां | वर्ष के दौरान कटौतियां | वर्ष के अंत में लागत/मूल्यांकन | वर्ष के आरंभ की स्थिति के अनुसार | मूल्यह्रास समायोजन | वर्ष के मूल्यह्रास | वर्ष के अंत में कुल | चालू वर्ष के अंत की स्थिति के अनुसार | पिछले वर्ष के अंत की स्थिति के अनुसार |
| क. वास्तविक स्थिर परिसंपत्तियां | | | | | | | | | | | |
| 1. भूमि: | | | | | | | | | | | |
| क) पूर्व स्वामित्व | | | | | | | | | | | |
| ख) पट्टा | 0% | 5,088,763.00 | 0.00 | 0.00 | 5,088,763.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5,088,763.00 | 5,088,763.00 |
| 2. भवन | | | | | | | | | | | |
| क) पूर्व स्वामित्व वाली भूमि पर | | | | | | | | | | | |
| ख) पट्टा भूमि पर | 2% | 380,912,447.00 | 0.00 | 53,187,481.00 | 327,724,966.00 | 23,918,496.44 | 9,573,747.00 | 6,554,499.32 | 20,899,248.76 | 306,825,717.24 | 356,993,950.56 |
| ग) मालिकाना फ्लैट/परिसर | | | | | | | | | | | |
| घ) ऐसी अधिरचनाएं (सुपरस्ट्रक्चर) जो संस्थान के स्वामित्व की नहीं है। | | | | | | | | | | | |
| 3. कार्यालय उपकरण | 7.50% | 77,803,990.40 | 169,160.00 | 0.00 | 77,973,150.40 | 54,067,110.44 | 0.00 | 5,847,986.28 | 59,915,096.72 | 18,058,053.68 | 23,736,879.96 |
| 4. फर्नीचर, फिक्सचर्स | 7.50% | 41,521,159.60 | 1,139,908.00 | 0.00 | 42,661,067.60 | 23,611,937.86 | 0.00 | 3,199,580.07 | 26,811,517.93 | 15,849,549.67 | 17,909,221.74 |
| 5. दृश्य–श्रव्य उपकरण | 7.50% | 7,495,874.00 | 404,836.00 | 0.00 | 7,900,710.00 | 1,094,916.55 | 0.00 | 592,553.25 | 1,687,469.80 | 6,213,240.20 | 6,400,957.45 |
| 6. कम्प्यूटर और पेरिफेरल्स | 20.00% | 9,776,315.00 | 3,906,437.00 | 0.00 | 13,682,752.00 | 3,294,812.00 | 0.00 | 2,736,550.40 | 6,031,362.40 | 7,651,389.60 | 6,481,503.00 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. संयंत्र और मशीनरी | 5.00% | 1,755,467.00 | 594,983.00 | 0.00 | 2,350,450.00 | 130,876.35 | 0.00 | 117,522.50 | 248,398.85 | 2,102,051.15 | 1,624,590.65 |
| 8. विधुतीय व्यवस्था | 5.00% | 271,681.00 | 557,568.00 | 0.00 | 829,249.00 | 27,168.05 | 0.00 | 41,462.45 | 68,630.50 | 760,618.50 | 244,512.95 |
| 9. वाहन | 10.00% | 697,482.00 | 0.00 | 0.00 | 697,482.00 | 69,748.20 | 0.00 | 69,748.20 | 139,496.40 | 557,985.60 | 627,733.80 |
| 10. पुस्तकालय पुस्तकें | 10.00% | 4,386,060.33 | 0.00 | 0.00 | 4,386,060.33 | 4,386,059.33 | 0.00 | 0.00 | 4,386,059.33 | 1.00 | 1.00 |
| चालू वर्ष का योगफल | | 529,709,239.33 | 6,772,892.00 | 53,187,481.00 | 483,294,650.33 | 110,601,125.22 | 9,573,747.00 | 19,159,902.47 | 120,187,280.69 | 363,107,369.64 | 419,108,114.11 |
| **ख. चालू पूंजीगत कार्य** | | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | 0.00 | | 0.00 | 0.00 |
| **ग. अवास्तविक स्थिर परिसंपत्तियां** | | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | 0.00 | | 0.00 | 0.00 |
| **कुल** | - | 529,709,239.33 | 6,772,892.00 | 53,187,481.00 | 483,294,650.33 | 110,601,125.22 | | 19,159,902.47 | 120,187,280.69 | 363,107,369.64 | 419,108,114.11 |

**टिप्पणी:**

1. वर्ष के दौरान हुई वृद्धि पर पूर्ण मूल्यह्रास प्रभारित किया गया तथा वर्ष के दौरान विलोपन पर मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया गया।
2. जहां जरूरी समझा गया, वहां स्थिर परिसंपत्तियों का पुनर्समूहित अथवा पुनर्वर्गीकृत किया गया और प्रारंभिक अधिशेष को भी उसके अनुसार समायोजित किया गया है।

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 के आर्थिक चिट्ठा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

धनराशि ( रुपए )

| **अनुसूचि 04 - निवेश-अन्य** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|
| 1. सरकारी प्रतिभूतियों में | - | - |
| 2. अन्य स्वीकृत प्रतिभूतियां | | |
| 3. शेयर | - | - |
| 4. ऋणपत्र और बंधपत्र | | |
| 5. सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यम | - | - |
| 6. अन्य (स्पष्ट करें) | | |
| अंशदायी भविष्य निधि | | |
| क) सीपीएफ निवेश | 0 | 0 |
| ख) बैंक में रोकड़ | 0 | 0 |
| ग) कर्मचारियों के पास अग्रिम | 0 | 0 |
| घ) रा.अ.शि.प., मुख्यालय | 0 | 0 |
| **कुल** | **0** | **0** |
| **अनुसूचि ४क-देनदारी-अन्य** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
| सीपीएफ–कर्मचारी और नियोक्ता योगदान | 0 | 0 |
| ब्याज और बैंक प्रभार वसूली तथा सीपीएफ अंतिम निकासी सहित | | |
| कुल | 0 | 0 |
| **कुल** | **0** | **0** |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

## 31 मार्च, 2022 के आर्थिक चिट्ठा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां

राशि (रुपए)

| अनुसूचि 5- चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि | चालू वर्ष | | पूर्व वर्ष | |
|---|---|---|---|---|
| क. चालू परिसंपत्तियाः | | | | |
| 1. सामान्य सूचियां | | | | |
| क) भंडार और कलपुर्जे | - | | - | |
| ख) अबद्ध औजार | - | | - | |
| ग) भंडार सामान | | | | |
| i) तैयार माल | - | | - | |
| ii) चालू कार्य | - | | - | |
| iii) कच्चा माल | - | | - | |
| 2. विविध देनदार | - | | - | |
| क) छः महीने से अधिक से बकाया पड़े ऋण | - | | - | |
| ख) अन्य | | | | |
| 3. हाथ में रोकड़ शेष (चेकों/ड्राफ्टों तथा अग्रदाय सहित) | | 3,388 | | 16,525 |
| 4. बैंक शेष | | | | |
| क) अनुसूचित बैंकों में | | | | |
| i) चालू खातों में | | | | |
| ii) जमा खातों में (मार्जिन धनराशि सहित) | | 1,312,472,605 | | 1,473,320,162 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| iii) बचत खातों में 1. गैर–योजना | 486,999,059.00 | | 299,445,976.00 | |
| 2. एनपीईपी | 0 | | 0 | |
| 3. एचआईवी/एड्स–यूनेस्को | 0 | | 0 | |
| | | 486,999,059 | | 299,445,976 |
| ख) गैर–अनुसूचित बैंकों में | | | | |
| i) चालू खातों में | | | | |
| ii) जमा खातों में | | | | |
| iii) बचत खातों में | | | | |
| 5. डाकघर बचत खाते | | | | |
| **योगफल (क)** | | 1,799,475,052 | | 1,772,782,663 |
| **अनुबंध-क बैंक खातों का विवरण दिखाता है।** | | | | |
| **अनुसूचि 6 - ऋण तथा अग्रिम** | | | | |
| **क. ऋण, अग्रिम तथा अन्य परिसंपत्तियां** | | | | |
| 1. ऋण | | | | |
| क) स्टाफ | | | | |
| ख) एन्टिटी के समान क्रियाकलापों/लक्ष्यों में प्रवृत्त अन्य एन्टिटियां | | | | |
| ग) अन्य (स्पष्ट करें) | | | | |
| 2. अग्रिम तथा नकद अथवा वस्तु रूप में अथवा प्राप्य मूल्य के लिए वसूलीयोग्य अन्य राशियां | | | | |
| क) जमानती जमा के रूप में अन्य संगठनों/पक्षकारों के पास पड़ी जमा राशि | 4,724,252 | | 4,724,252 | |
| ख) कर्मचारियों/अन्य को अग्रिम | 12,085,687 | | 12,145,386 | |
| ग) एनपीईपी/अग्रिम | 0 | | 786,919 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घ) टी.ए./एलटीसी अग्रिम | 19,500 | | 359,777 | |
| ड.) अग्रदाय | 880,581 | | 876,581 | |
| च) विविध अग्रिम | 4,590,459 | | 4,632,369 | |
| छ) यूनेस्को अग्रिम एचआईवी/एड्स | 0 | | 77,752 | |
| ज) टी डी एस (आयकर) वेतन तथा अन्य | 1,045,896 | | 1,644,406 | |
| झ) पीएनबी से वसूली योग्य ब्याज | 4,827,775 | | 5,383,475 | |
| ञ) वसूल किए जाने वाला टीडीएस | 4,329,417 | 32,503,567.00 | 3,587,848 | 34,218,765.00 |
| 3. अर्जित आय | | | | |
| क) आबंटित/स्थायी निधियों में से निवेश पर | | | | |
| ख) सावधिक जमा में निवेश पर–अन्य | 32,307,343 | | 36,095,316 | |
| ग) ऋणों तथा अग्रिमों पर | | | | |
| घ) अन्य (वसूल न की गई देय रुपए ......की आय शामिल है) | | 32,307,343 | | 36,095,316 |
| 4. प्राप्त किए जाने योग्य दावे | | | | |
| क) एलआईसी प्रीमियम | | | | |
| ख) पूर्वप्रदत्त व्यय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. अविक्रित प्रकाशन स्टॉक | | 0 | | 0 |
| कुल (क) | | 64,810,910 | | 70,314,081 |

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**अनुबंध क**

**धनराशि (रुपए)**

| I. बचत बैंक खाते_ | | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | यू जी सी खाते से अनुदान | 0 | 0 |
| 2 | विश्वविद्यालय प्राप्ति खाता | 0 | 0 |
| 3 | छात्रवृत्ति खाता | 0 | 0 |
| 4 | शैक्षणिक शुल्क प्राप्ति लेखा | 0 | 0 |
| 5 | विकास (योजना) खाता | 0 | 0 |
| 6 | संयुक्त प्रवेष परीक्षा (सी बी टी) खाता | 0 | 0 |
| 7 | यू जी सी योजना शिक्षावृत्ति खाता | 0 | 0 |
| 8 | कौर्पस निधि खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 9 | प्रायोजित परियोजना निधि खाता | 0 | 0 |
| 10 | प्रायोजित शिक्षावृत्ति खाता | 0 | 0 |
| 11 | स्थाई निधि तथा चेयर खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 12 | यू जी सी जेआरएफ शिक्षावृत्ति खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 13 | एच बी ए निधि खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 14 | वाहन खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 15 | यु जी सी राजीव गांधी राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 16 | शैक्षणिक विकास निधि खाता (ई एम एफ) | 0 | 0 |
| 17 | जमा खाता | 0 | 0 |
| 18 | छात्र निधि खाता | 0 | 0 |
| 19 | छात्र अनुदान निधि खाता | 0 | 0 |
| 19 | विशिष्ट योजनाओं के लिए योजना अनुदान | 0 | 0 |
| 21 | सामान्य बचत खाता | 486,999,059.00 | 299,445,976 |
| II. **चालू खाता** | | 0 | 0 |
| III. **अनुसूचित बैंकों के पास सावधिक जमा** | | 1,312,472,605.00 | 1,473,320,162 |
| **कुल** | | 1,799,471,664 | 1,772,766,138.00 |

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2021 को समाप्त अवधि/वर्ष के आय और व्यय लेखा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

धनराशि (रुपए)

| अनुसूची 7 - अर्जित ब्याज | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|
| **अर्जित ब्याज** | | |
| एफडीआर पर | 55,953,331 | 125,841,786 |
| बचत बैंक खातों पर | 14,616,544 | 34,343,885 |
| अग्रिम तथा जमा पर | 228,538.00 | 474,512.00 |
| कुल | **70,798,414** | **160,660,183.00** |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि/वर्ष के आय और व्यय लेखा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

राशि (रुपए)

| **अनुसूचि 8- अन्य आय** | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|
| 1. परिसंपत्तियों की बिक्री/निपटान पर लाभ | | |
| क) मालिकाना परिसंपत्तियां | 9,573,747 | - |
| ख) अनुदानों से अधिगृहित अथवा निःशुल्क रूप से प्राप्त परिसंपत्तियां | - | - |
| 2. वसूल किए गए निर्यात प्रोत्साहन | - | - |
| 3. प्राप्त न्यायालय अर्थदंड | 269,000 | - |
| **4. विविध आय** | | |
| क) आवेदन–पत्रों की बिक्री से प्राप्त राशि | - | - |
| ख) संस्थानों की मान्यता के लिए शुल्क | 76,473,150 | 37,015,700 |
| ग) विविध प्राप्तियां | 15,464 | 78,715 |
| घ) प्रकाशनों की बिक्री | 1,207,357 | 107,503 |
| ड) अपील शुल्क | 8,244,811 | 8,775,000 |
| च) ओटी/आर एम एस शुल्क से आय | 0 | **2,560,403** |
| छ) प्राप्त परीक्षा शुल्क | 0 | 7,006 |
| ज) अतिथि गृह प्रभार | 0 | 5,940 |
| झ) रद्दी की बिक्री | 576,748 | 37,463 |
| **कुल** | **96,360,277** | **48,587,730** |

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि/वर्ष के आय और व्यय लेखा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

राशि (रुपए)

| **अनुसूचि 9 - पूर्व अवधि व्यय** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|
| क्षेत्रीय समितिया द्वारा प्रेषित संसाधन शुल्क आदि | 0 | 4,041,958 |
| निवेश से आय | 0 | 0 |
| अन्य आय | | |
| **कुल** | **0** | **4,041,958** |

अनुभाग अधिकारी (लेखा) | अवर सचिव (लेखा) | उप सचिव (एच.ओ.डी.)

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि/वर्ष के आय और व्यय लेखा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां**

राशि (रुपए)

| अनुसूची 10-स्थापना व्यय | चालू वर्ष | | पूर्व वर्ष | |
|---|---|---|---|---|
| क) वेतन और मजदूरी | | 131,203,997.00 | | 153,325,327.00 |
| ख) भत्ते और बोनस | | | | |
| i. शिक्षण शुल्क/बाल शिक्षा भत्ता | 1,371,770.00 | | 1,512,000.00 | |
| ii. समयोपरि भत्ता | – | | – | |
| iii. बोनस | 249,840.00 | | 260,777.00 | |
| | | 1,621,610.00 | | 1,772,777.00 |
| ग) भविष्य निधि में अंशदान | – | | 3,220,916.00 | |
| घ) उपदान और छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रावधान (अनुबंध 10क को भी देंखे) | 27,971,185.00 | | 4,345,285.00 | |
| ड़) स्टाफ कल्याण व्यय | – | | – | |
| च) सेवानिवृत्ति और सेवानिवृत्ति लाभ पर व्यय | – | | 60,000.00 | |
| छ) अवकाश नकदीकरण | 226,548.00 | 28,197,733.00 | 156,702.00 | 7,782,903.00 |
| ज) अन्य (स्पष्ट करें) | | | | |
| i. मानदेय | - | | 40,000.00 | |
| ii. छुट्टी यात्रा रियायत | 280,722.00 | | 188,764.00 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| iii. चिकित्सा प्रतिपूर्ति | 1,990,369.00 | | 1,864,162.00 | |
| iv. छुट्टी वेतन तथा पेंशन अंशदान | 3,331,933.00 | | 4,847,628.00 | |
| v. परामर्शदाता शुल्क | 4,237,387.00 | | 9,433,352.00 | |
| vi. अन्य भत्ते/प्राप्तियां | – | | – | |
| vii. परियोजना कार्यक्रम | – | 9,840,411.00 | – | 16,373,906.00 |
| **कुल** | | **170,863,751.00** | | **179,254,913.00** |

**10ए- की अनुसूचि का अनुबंध- वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारी सेवानिवृत्ति तथा तत्सम्बन्धी लाभ**

| | **उपदान** | **अवकाश नकदीकरण** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| **31-3-2021 को प्रारंभिक शेष** | **34,379,383** | **22,285,067** | **56,664,450** |
| जोड़ः अन्य संगठनों से प्राप्त अंशदान का पूंजीगत मूल्य | - | - | - |
| **कुल (क)** | **34,379,383** | **22,285,067** | **56,664,450** |
| कमः वर्ष (ख) के दौरान वास्तविक भुगतान | 2,143,163 | 1,838,818 | - |
| **31-3-2022 को शेष (ग=क-ख)** | **32,236,220** | **20,446,249** | **52,682,469** |
| वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार 31.3.2022 को अपेक्षित प्रावधान | 42,443,528 | 35,115,783 | **77,559,311** |
| **क. चालू वर्ष में (घ-ग) के लिए प्रावधान** | **10,207,308** | **14,669,534** | **24,876,842** |
| **ख. कर्मचारी सीपीएफ अंशदान** | | | **3,094,343** |
| कुल (क+ख+ग) | | | **27,971,185** |

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि/वर्ष के आय और व्यय लेखा के भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचियां** **धनराशि (रुपए)**

| अनुसूची 11 - अन्य प्रशासनिक व्यय आदि | चालू वर्ष | पूर्व वर्ष |
|---|---|---|
| क) विज्ञापन/प्रचार प्रभार | 171,559 | 1,242,807 |
| ख) श्रम और संसाधन व्यय | 0 | 0 |
| ग) ढुलाई तथा आंतरिक परिवहन व्यय | 0 | 0 |
| घ) विद्युत, पावर तथा जल प्रभार | 8,736,845 | 6,891,875 |
| ड.) बीमा | 0 | 0 |
| च) मरम्मत और अनुरक्षण | 3,238,552 | 4,445,292 |
| छ) उत्पाद शुल्क | 0 | 0 |
| ज) किराया और कर | 458,179 | 458,179 |
| झ) वाहन चालन और रखरखाव | 493,154 | 148,488 |
| ञ) डाक व्यय, टेलीफोन तथा संचार प्रभार | 877,897 | 1,612,593 |
| ट) मुद्रण और लेखन सामग्री | 4,104,991 | 5,007,266 |
| ठ) यात्रा और सवारी खर्च | | |
| i) यात्रा खर्च | 1,508,729 | 2,189,578 |
| ii) स्थानीय सवारी वाहन | 1,589,908 | 2,387,860 |
| ड) संगोष्ठियों/कार्यशालाओं पर व्यय | 0 | 0 |
| ढ) अंशदान संबंधी व्यय | 0 | 0 |
| ण) शुल्क संबंधी व्यय | 0 | 0 |
| त) लेखा–परीक्षकों का पारिश्रमिक | 240,865 | 48,600 |
| थ) आतिथ्य व्यय | 47,648 | 177,370 |
| द) व्यावसायिक/कानूनी प्रभार | 11,804,975 | 7,736,599 |
| ध) अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों/अग्रिमों के लिए प्रावधान | 0 | 0 |
| न) बट्टे खाते डाला गया वसूल न किए जाने योग्य शेष | 0 | 0 |
| प) संसाधन शुल्क वापसी पर ब्याज | 20,808 | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| फ) | फ्राइट तथा अग्रेषण व्यय | 1,625,750 | 0 |
| ब) | भुगतान किया गया न्यायालय शुल्क | 2,321,433 | 0 |
| भ) | अन्य (स्पष्ट करें) | | |
| | i) वर्दियां | 0 | 0 |
| | ii) बैंक प्रभार | 6,905 | 3,102 |
| | iii) पुस्तकें और पत्रिकाएं | 198,777 | 145,400 |
| | iv) विविध कार्यालय व्यय | 3,864,439 | 6,471,858 |
| | v) ई–अभिशासन व्यय | 5,199,048 | 472,925 |
| | vi) परिषद और इसकी समितियों की बैठकें | 2,632,170 | 3,696,410 |
| | vii) गैर–सरकारी सदस्यों को टीए/डीए/मानदेय | 4,136,707 | 3,231,830 |
| | viii) प्रक्रिया शुल्क की वापसी | 0 | 98,920,000 |
| | ix) आवास के लिए किराया | 884,471 | 1,332,298 |
| | x) स्थिर परिसम्पत्तियों के विक्रय में हानि | 0 | 14,046 |
| | xi) जीएसटी पर ब्याज | 0 | 13,892 |
| म) | संस्थानों/सोसायटियों को संसाधन शुल्क की वापसी | 175,400 | 748,350,000 |
| | **कुल** | **54,339,210** | **894,998,268** |

**धनराशि (रुपए)**

| **अनुसूचि-12 पूर्व अवधि का व्यय** | **चालू वर्ष** | **पूर्व वर्ष** |
|---|---|---|
| वि.व. 2019–20 का मूल्यह्रास समायोजन | 0 | 808,874 |
| प्रशासनिक खर्चे (पुराने चेकों का निराकरण) | 0 | -631,890 |
| परिषद की बैठक और इसकी समितियां | 0 | 362,500 |
| मरम्मत और रखरखाव | 0 | 0 |
| अन्य व्यय | 0 | 0 |
| **कुल** | **0** | **539,484** |

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

## 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष वाली अवधि के लेखाओं के भाग को तैयार करने वाली अनुसूचियां

### अनुसूची 13 : महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखाओं पर टिप्पणियां

1. **लेखा सम्मेलन**

वित्तीय विवरण लेखांकन की प्रोद्भावन पद्धति पर ऐतिहासिक लागत परिपाटी के आधार पर तैयार किए जाते हैं जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो।

2. **सरकारी अनुदान**

सरकारी अनुदानों का हिसाब वसूली के आधार पर किया जाता है। पूंजीगत व्यय के लिए उपयोग किए गए अनुदान की सीमा तक, पूंजीगत निधि में स्थानांतरित कर दिया जाता है। वर्ष 2021–22 के दौरान भारत सरकार की समग्र शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत एन ई पी परियोजना अनुदान के रूप में 22300000/– रू. की धनराशि प्राप्त हुई थी। इसे प्रायोजित परियोजना के रूप में लिया जाता है तथा इस धनराशि के उपयोग सम्बन्धी विवरण अनुसूची–2 (क) में दिया जाता है, जो शिक्षा मंत्रालय द्वारा सुझाए गये प्रपत्र के अनुसार है। दिनांक 31.03.2022 तक इस अनुदान में से 6147862/–रू. की धनराशि का उपयोग किया गया।

3. **स्थिर परिसम्पत्तियां**

स्थिर परिसम्पत्तियां अधिग्रहण की लागत पर बताई गई हैं, जिसमें कर, आकस्मिक और प्रत्यक्ष खर्च शामिल हैं, जो कम संचित मूल्यह्रास अधिग्रहण से सम्बन्धित है।

4. **मूल्यह्रास**

संपत्ति पर मूल्यह्रास सीधी रेखा पद्धति पर लगाया जाता है। मूल्यह्रास की प्रभावी दरें निम्नानुसार निकाली गई हैं।

| | |
|---|---|
| बिल्डिंग | @2% |
| फर्नीचर और फिक्सचर | @7.5% |
| कार्यालय उपकरण | @7.5% |
| पुस्तकालय पुस्तकें | @10% |
| वाहन | @10% |
| कंप्यूटर और पेरिफेरल्स | @20% |

| | |
|---|---|
| संयंत्र और मशीनरी | @5% |
| विद्वत प्रतिष्ठान | @5% |
| श्रव्य दृश्य उपकरण | @7.5% |

वर्ष के दौरान वृद्धि पर पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है और वर्ष के दौरान हटाई गई/निपटाई गई परिसंपतियों पर कोई मूल्यह्रास नहीं लगाया जाता है।

**5. सेवानिवृत्ति लाभ**

1. कर्मचारी की मृत्यु/सेवानिवृत्ति पर देय ईएल नकदीकरण और डीसीआरजी की देयताएं बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर अर्जित की जाती हैं।

**6. वर्तमान संपत्ति, ऋण, अग्रिम और जमा**

प्रबंधन की राय में, चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम और जमा का सामान्य रूप में वसूली पर मूल्य कम से कम तुलन पत्र में दर्शाई गई कुल राशि के बराबर होता है।

**7. बांड और प्रतिभूतियों में निवेश का मूल्यांकन**

बौंड और सरकारी प्रतिभूतियों में दीर्घावधि निवेश का मूल्यांकन ऐतिहासिक लागत पर किया जाता है।

**8. बैंकों के पास सावधि जमा का मूल्यांकन**

बैंकों के साथ सावधि जमा को मूल्यांकित निवेशों और अर्जित ब्याज, यदि कोई हो, पर दर्ज किया जाता है।

9. जैसा कि अंशदायी भविष्य निधि खाता उन निधियों के सदस्यों के स्वामित्व में है, न कि संस्था के पास, इन खातों को एनसीटीई खातों से अलग कर दिया गया था।

10. अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के प्रत्यायन और मूल्यांकन सम्बन्धी एक परियोजना को दिनांक 22.03.2017 के समझौता ज्ञापन के माध्यम से भारतीय गुणवत्ता नियंत्रण कार्यालय को दिया गया था। समझौता ज्ञापन प्रत्यायन के अनुसार प्रत्येक अध्यापक शिक्षा संस्थान द्वारा गेट वे के माध्यम से रा.अ.शि.प. को 1.50 लाख रू. का शुल्क दिया गया। कुछ कारणों से समझौता ज्ञापन को दिनांक 10.08.2018 से रद्द किया गया। यह निर्णय किया गया कि अध्यापक शिक्षा संस्थानों से संकलित 42.94 करोड़ रुपये की धनराशि उन्हें वापस की जाएगी। क्यू सी आई से विवरण न मिलने के कारण यह धनराशि वापस नहीं की जा सकी, जिसे लेखा में देनदारी के रूप में दिखाया गया है।

11. रा.अ.शि.प. के पास लेखा में 50.89 लाख रु. की भूमि मौजूद है। यह भूमि लीजहोल्ड के तहत दर्शायी गई है, क्योंकि फ्रीहोल्ड भूमि में प्रमाणपत्र सम्बन्धी औपचारिकताएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

12. आवश्यकतानुसार पूर्व–वर्ष के आंकड़ों को पुनः सामूहिक या पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष वाली अवधि के लेखाओं के भाग को तैयार करने वाली अनुसूचियां**

**अनुसूची–14 आकस्मिक देनदारियां और खातों से सम्बन्धित टिप्पणियां**

(क) आकस्मिक देयता

(i) निर्माण अनुबंधों से सम्बन्धितः शून्य

(ii) एनसीटीई प्रशासन को संगठन के खिलाफ दायर कानूनी मामलों के प्रति कोई बड़ा आकस्मिक दायित्व नहीं दिखता है।

(ख) लेखा सम्बन्धी टिप्पणियां

(i) ______________________________

(ii) रा.अ.शि.प. ने जहां तक संभव था प्रोद्भवन प्रणाली में परिर्वतन के लिए नए दिशानिर्देशों के अनुसार अंतिम खाते तैयार किए हैं।

(iii) जहां भी आवश्यक पाया गया, आंकड़ों को फिर से समूहित किया गया है।

**अनुभाग अधिकारी ( लेखा )** **अवर सचिव ( लेखा )** **उप सचिव ( एच.ओ.डी. )**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**वित्तीय विवरणों (गैर-लाभकारी संगठन) का फार्म**
**संस्थान का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, सीपीएफ**
**31 मार्च, 2022 को तुलन पत्र**

| क्र.सं. | देनदारी | धनराशि 31.03.22 | धनराशि 31.03.21 | क्र.सं. | परिसम्पत्तियां | धनराशि 31.03.22 | धनराशि 31.03.21 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सीपीएफ फंड** | | | 1 | एफडीएस और बौंड में निवेश | 107,688,108 | 104,180,185 |
| | प्रारंभिक बैंक शेष | 145,408,625 | 132,197,275 | 2 | 31 मार्च को अर्जित | 577,667 | 2,219,098 |
| | जोड़ें : इस वर्ष में अंशदान | 13,209,661 | 14,055,639 | | अंतिम शेष | 108,265,775 | 106,399,283 |
| | जोड़ें : अग्रिम वसूली | 10,000 | 24,000 | | | | |
| | जोड़े : दिया गया ब्याज | 10,313,379 | 9,692,769 | 3 | वसूल किए जाने वाला टीडीएस | 0 | 0 |
| | जोड़ें : पूर्व अवधि समायोजन | 0 | 474,200 | 4 | बैंक शेष | 20,856,259 | 23,596,900 |
| | घटाएं : अग्रिम/निकासी | 13,359,298 | 11,035,258 | 5 | मुख्यालय से वसूल किया जाने वाला सीपीएफ | 17,333,131 | 8,731,635 |
| | अंतिम शेष | 155,582,367 | 145,408,625 | 6 | वसूल किए जाने वाला अग्रिम | 0 | 0 |
| 2 | **संरक्षित ब्याज** | | | 7 | **सुरक्षित ब्याज** | | |
| | प्रतिनियुक्ति वाले कर्मचारियों का सीपीएफ समायोजन | 0 | 0 | | प्रारंभिक शेष | 6,680,807 | 4,563,984 |
| | | | | | जोड़ें : आय से अधिक व्यय | 2,446,395 | 1,703,823 |
| | | | | | घटाएं : संचित ऋण | 0 | 0 |
| | | | | | घटाएं : गायब क्रेडिट के लिए पूर्व अवधि से सम्बन्धित समायोजन | 0 | 413,000 |
| | | | | | अंतिम शेष | 9,127,202 | 6,680,807 |
| | **सकल योग** | 155,582,367 | 145,408,625 | | **सकल योग** | 155,582,367 | 145,408,625 |

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**वित्तीय विवरणों (गैर-लाभकारी संगठन) का फार्म**
**संस्थान का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, सीपीएफ**
**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष से संबंधित आय और व्यय लेखा**

| क्र.सं. | व्यय | धनराशि | धनराशि | क्र.सं. | आय | धनराशि | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2021-22** | **2020-21** | | | **2021-22** | **2020-21** |
| 1 | अर्जित ब्याजः | | | | | | |
| | सीपीएफ लेखा | 10,313,379 | 9,692,769 | 1 | निवेश पर अर्जित ब्याज | | |
| 2 | बैंक प्रभार | 5 | 1,220 | | (क) निवेश पर | | |
| 3 | पूर्व अवधि का सीपीएफ एक दावा | 137,983 | 0 | | (ख) बैंक से | 2,705,212 | 323,886 |
| | | | | 2 | आय से अधिक खर्च | 7,746,155 | 9,370,103 |
| | **कुल** | 10,451,367 | 9,693,989 | | **कुल** | 10,451,367 | 9,693,989 |

*निवेश में एफडीआर में, निवेश, बौंड तथा सरकारी सुरक्षित राशि शामिल है।

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**वित्तीय विवरणों (गैर-लाभकारी संगठन) का फार्म**
**संस्थान का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, सीपीएफ**
**31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष से संबंधित प्राप्ति और भुगतान लेखा**

| क्र.सं. | प्राप्तियां | धनराशि 2021-22 | धनराशि 2020-21 | क्र.सं. | भुगतान | धनराशि 2021-22 | धनराशि 2020-21 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारंभिक बैंक शेष | 23,596,900 | 5,405,179 | 1 | सीपीएफ अग्रिम/निकासी | | |
| | | | | | नियोजक का हिस्सा | 4,061,983 | 4,009,104 |
| 2 | निम्न से प्राप्त सीपीएफ अंशदानः | | | | कर्मचारी का हिस्सा | 9,297,315 | 7,026,154 |
| | (क) एनसीटीई (मुख्य लेखा) | 8,806,409 | 9,469,996 | | सीपीएफ अग्रिम | 0 | 0 |
| | (ख) प्रतिनियुक्त कर्मचारी | 1,308,909 | 1,364,728 | | | | |
| | (ग) ईआरसी स्टाफ | 0 | 0 | | | | |
| 3 | प्रतिनियुक्ति वाले स्टाफ का सीपीएफ हिस्सा | | | 2 | पहले की अवधि में दावा भुगतान | 137,983 | 0 |
| 4 | प्राप्त ब्याज | | | | | | |
| | निवेश पर | 0 | 0 | | | | |
| | बैंक से | 631,327 | 316,078 | 3 | अन्य भुगतान (बैंक प्रभार) | 5 | 1,220 |
| 5 | आयकर वापसी पर ब्याज | | | | | | |
| 6 | सीपीएफ अग्रिम वसूली | 10,000 | 24,000 | 4 | अंतिम बैंक शेष | 20,856,259 | 23,596,900 |
| 7 | सीपीएफ निकासी | 0 | 0 | | | | |
| 8 | मुख्यालय लेखा प्राप्य | 0 | 18,053,397 | | | | |
| | **कुल** | 34,353,545 | 34,633,378 | | **कुल** | 34,353,545 | 34,633,378 |

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** **अवर सचिव (लेखा)** **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्लाट संख्या जी–7, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

**अनुसूची 1 प्रमुख लेखांकन नीतियां और लेखाओं पर टिप्पणियां**

1. **लेखांकन परिपाटी**

   वित्तीय विवरण लेखांकन की प्रोद्भवन पद्धति पर ऐतिहासिक लागत प्रणाली के आधार पर तैयार किए जाते हैं जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो।

2. **बॉण्डों और प्रतिभूतियों पर निवेश का मूल्यांकन**

   बांड और सरकारी प्रतिभूतियों में दीर्घावधि निवेश का मूल्यांकन ऐतिहासिक लागत पर किया जाता है।

3. **बैंकों में सावधि जमा का मूल्यांकन**

   बैंकों के पास सावधि राशियों को मूल्य के साथ–साथ अर्जित ब्याज के निवेश पर दर्ज किया जाता है।

4. **सीपीएफ लेखाओं में 91.27 लाख रुपये का घाटा**

   91.27 लाख रूपये का घाटा अंशधारकों को सीपीएफ खाते की शेष राशि के देय ब्याज और निवेश पर प्राप्त या प्राप्त ब्याज के अंतर के कारण है। अंतर राशि को भविष्य में ब्याज और अनुदान आदि के नकदी प्रवाह से पूरा किया जाएगा।

**अनुभाग अधिकारी (लेखा)** | **अवर सचिव (लेखा)** | **उप सचिव (एच.ओ.डी.)**

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE


**National Council for Teacher Education**

Plot No. G-7, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075

Tel : +91-11-43152359 • Fax +91-11-20893270 • www.ncte.gov.in